दिन– मंगलवार दिनांक– 11 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।

03. माघी पूर्णिमा पर महाकुम्भ स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी।

04. और, पटना में राष्ट्रीय स्कूल अंडर नाइनटीन तलवारबाजी प्रतियोगिता शुरू। बिहार सहित देशभर के बीस राज्यों के खिलाड़ी हो रहे हैं शामिल।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के चौथे चरण में औरंगाबाद जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद सदर अस्पताल के भवन, बेढ़नी पंचायत सरकार भवन, अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय के भवन सहित करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री देव में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण स्थल की समीक्षा भी करेंगे। श्री कुमार विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री कलेक्ट्रेट में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर आएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की धनराशि देश भर के किसानों के लिए जारी करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि भागलपुर से प्रधानमंत्री देशभर के किसानों को संबोधित भी करेंगे और इस दौरान वे जिले को कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात देंगे।

———बाईट———

————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि केंद्र सरकार पीएम विश्वकर्मा योजना में देश के सभी राज्यों में पात्र व्यक्तियों को इस योजना

का लाभ देने के लिए कानून लाने पर विचार कर सकती है। श्री मांझी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र अट्ठाईस फरवरी से अट्ठाईस मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के पहले दिन अट्ठाईस फरवरी को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगे।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत लिम्फेटिक फाइलेरियासिस यानि हाथी पांव रोग के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इस रोग की रोकथाम के लिए वार्षिक व्यापक राष्ट्रव्यापी उपचार अभियान की शुरूआत करते हुये श्री नड्डा ने कहा कि देश वर्ष दो हजार सत्ताईस तक इस रोग के उन्मूलन लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेगा।

———बाईट———

लिम्फेटिक फाइलेरियासिस को इलिमिनेट करने के हम बहुत नजदीक पहुंचे हैं। लिम्फेटिक फाइलेरियासिस से सस्टैनबल डेवलपमेंट गोल्स से हमको मुक्ति पाना है। इसका वर्ष 2030 है, लेकिन हम लोगों ने रिजॉल्व किया है कि हम 2027 तक बाइ टू थाउज़न्ड ट्वेंटी सेवन हम उसको पूरा करेंगे।

श्री नड्डा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे संबंधित रोग के उन्मूलन के लिए दवा देने की प्रक्रिया की निगरानी करे और इस अभियान में सभी स्तर के लोग शामिल हो। इधर, राज्य के चौबीस जिलों में भी इस अभियान की शुरूआत हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश में सात करोड़ लोगों को निःशुल्क दवा खिलाई जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश के सभी शहरी निकायों में नगर विकास योजनाओं की जांच के लिए विशेष दस्ता दल का गठन किया जायेगा है। यह दल विभागीय परियोजनाओं की शिकायतों की जांच करेगा। इस जांच दल में मुख्यालय स्तर के पदाधिकारी होंगे जो जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी एजेंसी या पदाधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि पन्द्रह फरवरी से राज्य में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरूआत हो रही है। इसके लिए केन्द्रीय टीम शहरी निकायों का औचक निरीक्षण करेगी।

———————————————————————————

नीति आयोग ने राज्यों और सरकारी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्चशिक्षा के विस्तार पर आयोग की रिपोर्ट जारी की है। आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने आशा व्यक्त की, कि रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों को केंद्रीय और राज्य सरकारों के मंत्रालयों की ओर से उत्साहपूर्वक लागू किया जाएगा। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और राज्यों के सरकारी विश्वविद्यालयों जैसी संस्थाओं से उच्च गुणवत्ता के लिए प्रयास करने का भी आह्वान किया। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य उच्च शिक्षा प्रणाली में छात्रों का नामांकन दो हजार पैंतीस तक बढाकर दोगुना यानि लगभग नौ करोड़ करना है। उन्होंने इस रिपोर्ट को नीति आयोग का महत्वपूर्ण योगदान बताया और कहा कि भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली में बदलाव में इससे सहायता मिलेगी।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज गया स्थित दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में दो–दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि यह सम्मेलन एकात्म मानव दर्शन के सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देश–विदेश के लगभग पचास विद्वान और शोधार्थी भाग लेंगे।

———————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुंभ में कल होने वाले माघी पूर्णिमा स्नान से पहले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए भारतीय रेलवे युद्धस्तर पर काम कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में कल प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने भीड़ की मौजूदा स्थिति की समीक्षा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————————

प्रयागराज में महाकुम्भ स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले की पुलिस ने कैमूर पुलिस को इस संबंध में सूचित किया है। कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने इस दिशा निर्देश के आलोक में

सासाराम और आरा मार्ग से आने वाले भारी वाहनों पर रोक लगा दी है। इस दौरान यात्री बसों, एम्बुलेंस और आवश्यक आपूर्ति करने वाले वाहनों पर छूट रहेगी। इधर, माघी पूर्णिया पर महाकुम्भ स्नान को लेकर पटना जंक्शन सहित राज्य के अधिकतर रेलवे स्टेशनों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————

प्रदेश में मैट्रिक की परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी तक आयोजित होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने परीक्षा को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये हैं। दिशा–निर्देश के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले केन्द्र में प्रवेश करना होगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि देर से पहुंचने या अवैध तरीके से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने पर परीक्षार्थी को दो साल के लिए परीक्षा से निष्कासित कर दिया जायेगा। साथ ही उनपर प्राथमिकी भी दर्ज की जायेगी। परीक्षा भवन में जूता–मोजा पहनकर आने पर भी प्रतिबंध रहेगा। गौरतलब है कि मैट्रिक परीक्षा में पन्द्रह लाख इक्यासी हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

———————————————————

पछुवा हवा की गति कम होने के साथ ही प्रदेश में ठंड का असर कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना क अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में अड़सठवीं राष्ट्रीय स्कूल अंडर नाइनटीन तलवारबाजी प्रतियोगिता जारी है। चौदह फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बिहार सहित देश के बीस राज्यों और शैक्षणिक संस्थानों के छह सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन सेबर टीम स्पर्धा में महाराष्ट्र ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान कहा– परीक्षा नहीं, पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। छात्रों को तनावमुक्त रहने और विफलताओं से नहीं डरने के गुर सिखाये।

दैनिक जागरण ने महाकुम्भ की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– संगम की राह अब भी कठिन, रेंग–रेंग कर बढ़ रहे हैं वाहन।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– शिक्षा विभाग में सात हजार से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मियों की सेवा इकतीस मार्च को समाप्त। विभागीय लोग संभालेंगे सब काम।

प्रभात खबर ने नवादा जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– नवादा में मेडिकल और रजौली में खुलेगा डिग्री कॉलेज।

आज अखबार की सुर्खी– सोने की कीमतों ने ध्वस्त किये सारे रिकॉर्ड।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रगति यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।

03. माघी पूर्णिमा पर महाकुम्भ स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश ने बिहार से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगायी।

04. और, पटना में राष्ट्रीय स्कूल अंडर नाइनटीन तलवारबाजी प्रतियोगिता शुरू। बिहार सहित देशभर के बीस राज्यों के खिलाड़ी हो रहे हैं शामिल।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।